पत्रांक–03/स्था0रा0से0(हड़ताल)–06/2026–.......527.......(3)/रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

सुधा रानी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

निबंधित/ई–मेल

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,
निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय,
निदेशक, चकबंदी निदेशालय,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार,
सभी समाहर्त्ता, बिहार।

पटना–15, दिनांक–....11.03.2026

विषय :– **बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के अधीन कार्यरत पदाधिकारियों की उपस्थिति उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग :– **बिहार राजस्व सेवा संयुक्त महासंघ का पत्रांक–BiRSA(SM)/26/03/01 दिनांक–05.03.2026 एवं विभागीय पत्रांक–515(3)/रा0, दिनांक–09.03.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के अधीन कार्यरत पदाधिकारियों द्वारा दिनांक–09.03.2026 से सामूहिक अवकाश (हड़ताल) पर जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में पूर्व में विभागीय पत्रांक–515(3)/रा0 दिनांक–09.03.2026 द्वारा सामूहिक अवकाश (हड़ताल) अवधि में अंचल कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश संसूचित है।

उल्लेखनीय है कि बिहार राजस्व सेवा के अधीन कार्यरत कितने पदाधिकारी पूर्व में दिनांक–02.02.2026 से आहूत सामूहिक अवकाश (हड़ताल) एवं वर्तमान में दिनांक–09.03.2026 से आहूत सामूहिक अवकाश (हड़ताल) में शामिल हैं तथा कितने पदाधिकारी कार्यस्थल पर कार्यरत हैं, इसकी सूचना विभाग को संलग्न विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जाना है।

अतएव उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के अधीन सामूहिक अवकाश (हड़ताल) में शामिल तथा कार्य स्थल पर कार्यरत पदाधिकारियों से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
Rani 11.3.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।

निबंधित/ई–मेल

ज्ञापांक–03/स्था0रा0से0(हड़ताल)–06/2026–527...(3)/रा0 पटना, दिनांक–..11.03.2026

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rani 11.3.26
(सुधा रानी),
विशेष कार्य पदाधिकारी।

बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के अधीन कार्यरत पदाधिकारियों की उपस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन :–

1. जिला का नाम –________________

2. कुल पदस्थापित पदाधिकारियों की संख्या–________________

   (i) हड़ताल में शामिल पदाधिकारियों की संख्या–________________

   (ii) कार्यरत पदाधिकारियों की संख्या–________________

क्र0 सं0	पदनाम	पदाधिकारी का नाम एवं कार्यालय का नाम	दिनांक–09.03.2026 को आहूत हड़ताल में शामिल है अथवा नहीं ?	दिनांक–02.02.2026 को आहूत हड़ताल में शामिल थे अथवा नहीं ? यदि हाँ, तो कब से कब तक ?	अभ्युक्ति
1	अंचल अधिकारी				
2	राजस्व अधिकारी				
3	अन्य पदाधिकारी (अपर समाहर्त्ता, भू–हदबंदी/ प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त/ अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/ चकबंदी पदाधिकारी/सहायक चकबंदी पदाधिकारी/राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो, बन्दोबस्त/ भू–अर्जन कार्यालय				

प्रमाणित

(संबंधित जिला के अपर समाहर्त्ता के हस्ताक्षर)